## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईएफएस अधिकारियों के तबादले, अरुण पांडे को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** वन विभाग ने विभागीय कामकाज में चुस्ती लाने के लिए मंगलवार को अधिकारियों के तबादले किये हैं। तबादले की जद में तीन भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के अधिकारी आएं हैं, जिनकी नवीन पदस्थापना की गई है। संजय कुमार ओझा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक नया रायपुर को समान पदस्थापना पर अनुश्रवण मूल्यांकन कार्यालय का प्रधान बनाया गया है। अरूण कुमार पांडेय सदस्य सचिव छग राज्य जैव विविधता बोर्ड नया रायपुर अटलनगर को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। श्रीमती शालिनी रैना मुख्य वन संरक्षक कार्यालय नया रायपुर को मुख्य वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक छग को स्वतंत्र प्रधान दिया गया है। उक्त आदेश आरके चंचलानी अवर सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छग शासन द्वारा जारी किया गया है।

### कोटा विधायक रेणु जोगी की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**रायपुर (आरएनएस)।** जेसीसीजे की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोटा विधानसभा सीट से विधायक रेणु जोगी की तबीयत मंगलवार देर रात अचानक बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके बेटे अमित जोगी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। अमित जोगी ने लिखा- उच्च रक्तचाप के कारण शाम को अपनी माँ कोटा विधायक डॉक्टर रेणु जोगी को श्री नारायणा अस्पताल में भर्ती किया है। कृपया उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करें। इस ट्वीट के बाद जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता में अस्पताल पहुंचे हैं।

### यात्रियों से भरी बस पलटी, एक दर्जन यात्री हुए घायल

**बिलासपुर (आरएनएस)।** प्रयागराज से यात्री लेकर बिलासपुर आ रही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे नरेश बस सीजी 27 के 9616 अनियंत्रित होकर चपोरा के मुड़नार के पास पलटी है। इस हादसे में 12 यात्री घायल बताए जा रहे है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण व पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच मामले की जांच कर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए रतनपुर अस्पताल में भर्ती किया गया है। पूछताछ में यात्रियों ने बताया कि बस का चालक बहुत तेजी से बस चला रहा था। कई बार धीरे चलने को कहा गया फिर भी तेज़ चलता रहा, जिसके कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। वही हादसे से के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

### सड़क पार कर रहे युवक की ट्रक की ठोकर से मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** सरायपाली के झिलमिला चौक के पास रविवार रात सडक़ पार कर रहे एक युवक को ट्रक ने ठोकर मार दिया, जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध कायम किया है। पुलिस के अनुसार भुवनेश्वर ने आरक्षी केन्द्र में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह वार्ड 9 झिलमिला सरायपाली में रहता है। 15 मई की रात करीब पौने 12 बजे वह झिलमिला मंजीत ढाबा में खाना खा रहा था। उसी समय अपना दुकान बंद कर उसका डेढ़ साला विकास सराफ खाना खाने के लिए सडक़ पार कर मंजीत ढाबा आ रहा था। तभी संबलपुर उड़िसा की ओर से आ रहे अज्ञात कंटेनर (ट्रक) के चालक ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सडक़ पार कर रहे विकास को ठोकर मार दिया। विकास के सिर व चेहरा में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। दुर्घटना की खबर मिलते ही थाना प्रभारी आशीष वासनिक अपनी टीम के साथ पहुंचकर न केवल मानवता का परिचय दिया, बल्कि स्वयं ग्लब्स पहन कर शव को एंबुलेंस में रखकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की इस तत्परता एवं संवेदनशीलता की नगर में सराहना हो रही है।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना : खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1700 करोड़ रूपए किसानों के खाते में किए जाएंगे ट्रांसफर

- राशि अंतरण के लिए 21 मई को सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किए जायेंगे कार्यक्रम
- राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि अधिकृत किए गए अधिकृत
- बीते 2 वर्षों में योजना के तहत किसानों के बैंक खाते में किया गया 12 हजार 209 करोड़ रुपए का भुगतान

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के अनुसार राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों के खाते में राशि अंतरण के लिए इस वर्ष 21 मई को सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। राज्य शासन द्वारा जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि अधिकृत किए गए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, विधायक, निगम-मंडल और आयोग के अध्यक्ष जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जिले के सभी विधायक तथा जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 की प्रथम किस्त के रूप में करीब 1700 करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरित किए जाएंगे। इस योजना के तहत बीते 2 वर्षों में किसानों के खाते में 12 हजार 209 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले

कार्यक्रम के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्य अतिथियों को अधिकृत किया गया है। जिसके अनुसार सरगुजा जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव, बेमेतरा के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, दुर्ग के कार्यक्रम में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, कबीरधाम के कार्यक्रम में वन मंत्री मोहम्मद अकबर, राजनांदगांव के कार्यक्रम में खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, रायपुर के कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, कोरबा के कार्यक्रम में राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, बालोद के कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री मती अनिला भेंडिया, रायगढ़ के कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, सूरजपुर के कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम और बस्तर के कार्यक्रम में उद्योग मंत्री कवासी लखमा मुख्य अतिथि होंगे।

इसी प्रकार कोण्डागांव में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक मोहन मरकाम, गरियाबंद जिले के कार्यक्रम में विधायक अमितेश शुक्ल, नारायणपुर के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, बलौदाबाजार के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत डॉ. राम सुंदर दास, बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, मुंगेली में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी मुख्य अतिथि होंगे।

इसी प्रकार गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल वास्तव, जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, बलरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कोरिया जिले में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष राम कुमार पटेल, दंतेवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद, सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, कांकेर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष मिथिलेश स्वर्णकार और बीजापुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष बालम चक्रधारी मुख्य अतिथि होंगे।

## कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कोविड प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य

- शासन एवं कलेक्टर के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन कराने आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने जोन कमिश्नरों, जोन उप प्रभारियों को दिए निर्देश

**कोरबा।** कोरोना संक्रमण के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाना अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी रानू साहू द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों एवं जोन उप प्रभारियों को निर्देशित करते हुए आदेशों का पूर्ण रूप से पालन कराए जाने को कहा है।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने प्राप्त निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन कमिश्नरों एवं जोन उप प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों, अस्पतालों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों, गलियों में आने जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मास्क लगाया जाना अनिवार्य किया गया है, साथ ही कार्यालय स्थलों आदि में भी कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी को भी अनिवार्य रूप से मास्क लगाना आवश्यक है, वहीं सार्वजनिक स्थलों पर थूंकना प्रतिबंधित किया गया है, अत: इसका अनिवार्य रूप से पालन कराया जाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार दुकानों, व्यवसायिक संस्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग, फिजिकल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन कराएं तथा होम क्वारन्टाईन में रहने वाले व्यक्तियों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी होम क्वारन्टाईन संबंधी समस्त दिशा निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन हों, यह सुनिश्चित करें।

## नाबालिग बच्ची का फर्जी प्रोफाइल बनाकर अश्लील फोटो पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के कोतवाली क्षेत्र में इंस्टाग्राम पर नाबालिग की फर्जी प्रोफाइल बनाकर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका ने 13 मई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट इंस्टाग्राम में उसके नाम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर प्रोफाइड डीपी में उसका फोटो लगाकर इंस्टाग्राम में अश्लील आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट कर रहा है।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच में जूट गई है। इस दौरान आरोपी तक पहुंचने पुलिस ने सायबर सेल की मदद लिया और आपत्तिजनक पोस्ट की आईपी एवं आईपी जनरेट करने में प्रयुक्त डिवाइस के संबंध में विवेचना की गई। विवेचना के दौरान आरोपी का लोकेशन रायपुर में होना ज्ञात हुआ। पुलिस द्वारा आरोपी के पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई। इस दौरान रायपुर पुलिस की सहायता से आरोपी की पहचान सांई नगर टिकरापारा रायपुर निवासी मो. तबरेज पिता मो. रिजवान उम्र 22 वर्ष के विरूद्ध धारा 509 आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया है। नाबालिग बालिका के नाम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर अश्लील एवं आपत्तिजनक पोस्ट कर रहा था। पुलिस ने इंस्टाग्राम में फर्जी प्रोफाइल आईडी बनाने में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त कर उसे जेल दाखिल कर दिया है।

## ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर कल से

**कोरबा।** जिला तीरंदाजी संघ कोरबा द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से 10 जून तक एसईसीएल कोरबा ग्राउंड में किया जा रहा है। यहां समय प्रात: 6 बजे से 8 बजे और शाम 5.00 बजे से 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला तीरंदाजी संघ कोरबा हर वर्ष ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर निशुल्क आयोजित करती है। इस तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर में 6 से 18 वर्ष के बालक बालिकाएं खेल में शामिल हो सकते हैं। इस ग्रीष्मकालीन शिविर में शामिल होने वाले बालक बालिकाओं को जिला तीरंदाजी संघ कोरबा की ओर से सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष भरत यादव तीरंदाजी नेशनल मेडलिस्ट के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेने के इच्छुक विद्यार्थी सेद यादव, कृष चौहान और भरत यादव से संपर्क कर सकते हैं।

## सिल्वर सेंटर में सोने का हार चोरी करते महिला व युवती सीटीवी में कैद

**कोरबा।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पॉवर हाउस रोड स्थित सिल्वर सेंटर नामक सराफा दुकान में सोने का हार चोरी करने वाली एक युवती और एक महिला सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गई हैं। सिटी कोतवाली पुलिस सरगर्मी के साथ दोनों महिला चोरों की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार सोमवार 16 मई की शाम 4 बजकर 35 मिनट पर एक युवती और एक महिला सिल्वर सेंटर में पहुंची। उन्होंने सोने का हार खरीदने की इच्छा जताई। उन्हें कुछ सोने के हार दिखाए गए। लेकिन उन्हें पसंद नहीं आया और वे कोई खरीददारी किये बिना वापस चले गए।

सिल्वर सेंटर के संचालक जय किशन ने बताया कि रात में जब दुकान बंद करने के समय स्टॉक मिलाया गया, तब सोने का एक हार गायब मिला। इसके बाद सी सी टी वी कैमरा का फुटेज देखा गया तो पता चला कि शाम को जो युवती और महिला दुकान पर आए थे, उन्हीं ने बड़ी सफाई के साथ हार की चोरी कर ली थी। महिला चोर इतने शातिर निकले कि हार चोरी से पहले, हार रखने वाले प्लास्टिक बैग को पहले चोरी की और उसके बाद करीब 25 ग्राम का हर चोरी किया, जो फुटेज में साफ दिख रहा है। प्लास्टिक बैग चोरी करने का कारण यह माना जा रहा है कि केवल हार चोरी करने पर उनकी चोरी एक प्लास्टिक बैग के खाली मिलने के कारण तत्काल पकड़ में आ जाती। जबकि हार के साथ बैग भी चोरी कर लेने से वे सुरक्षित रूप से भागने में सफल रहे।

सी सी टी वी कैमरा का फुटेज से चोरी की पुष्टि होने के बाद जयकिशन ने आज सिटी कोतवाली पहुंच कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस जुर्म दर्ज कर आरोपियों की पता .साजी में जुट गई है।

## आपसी विवाद में लौटी बारात तो पुलिस ने हस्तक्षेप कर अपनी मौजूदगी में कराई शादी

**कोरबा।** भोजराम पटेल भा.पु.से. पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा तुहर पुलिस, तुहर द्वार के तहत नागरिकों के बीच उपस्थित होकर उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश पर अभिषेक वर्मा राप्रसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा, योगेश साह राप्रसे, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा के मार्गनिर्देशन में विजय चेलक थाना प्रभारी बालकों के द्वारा 16 मई 2022 को थाना बालकोनगर से 20 किलोमीटर दूर ग्राम चुइहा में अपनी मौजूदगी में एक युवती की शादी सम्पन्न कराई।

दरअसल मिलनदास निवासी पम्प हाउस कोरबा अपने बेटे मनीष दास का विवाह कराने बारात लेकर ग्राम चुहिया के घासीदास महंत के घर गए थे। बारात परघनी के दौरान डी जे में बाराती डांस कर रहे थे। उसी दौरान डांस करने की बात पर दोनो पक्ष में विवाद हो गया। विवाद इतना ज़्यादा बढ़ा कि दुल्हे के पिता बिना दुल्हन लिये बारात वापस ले गया। इससे लडक़ी का परिवार काफ़ी विचलित हो गया। तत्काल ग्राम चुइहा के सरपंच शिवराज राठिया के द्वारा थाना बालको नगर को घटना के सम्बंध में अवगत कराया गया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। तत्काल घटना पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए लडक़ी पक्ष को यथा सम्भव मदद करने निर्देश देने पर दोनो पक्ष को समझाइस दिया गया। लडक़े एवं लडक़ी के पिता को समझाने पर दोनो पक्ष पुलिस की उपस्थिति में शादी करने राज़ी हो गए। इसके बाद पुलिस ने दूल्हे मनीष दास का विवाह दुल्हन अंजली महंत के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ ग्राम चुहिया में संपन्न कराया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विजय चेलक, प्रधान आरक्षक कुलदीप तिवारी और आरक्षक संजीव सिंह की महत्वूपर्ण भूमिका रही।

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

- जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** कलेक्टर रानू साहू की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर साहू ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, ऑनलाईन निविदाओ, निविदाओं की स्थिति, पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल और पेयजल स्त्रोतो से जल नमूनों के परीक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर में नल के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाना है। उन्होंने जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, अस्पतालों सहित गांवों में पीने के साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन के काम को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इन सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा किया जाये।

बैठक में कलेक्टर साहू ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यो के संचालन व संधारण के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यो के लिए प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। इसके अतिरिक्त सोलर आधारित नलजल प्रदाय योजनाओ में पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन कार्य के लिए भी स्वीकृति दी गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं जिला जल जीवन मिशन के सचिव अनिल कुमार, सहायक अभियंता क्रेडा एन.के.राय, जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी.भारद्वाज, हसदेव बरॉज बांगो माचाडोली के कार्यपालन अभियंता सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण शामिल हुए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नंo 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुo सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य लाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मूलभावना कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU